दिन–गुरूवार दिनांक– 14 / 03 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों के बीच ऋण वितरण करेंगे।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना में दो हजार नौ सौ एक नव नियुक्त आयुष चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे।

03. राजस्व खुफिया निदेशालय की टीम ने पटना, दरभंगा, अररिया, मुजफ्फरपुर सहित देशभर में कई स्थानों पर सोना तस्करों के खिलाफ की छापेमारी। मुजफ्फरपुर से तेरह किलो सोने के साथ दो तस्कर गिरफ्तार।

04. और, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने पेटीएम फास्टैग उपयोगकर्ताओं को पंद्रह मार्च से पहले किसी अन्य बैंक की फास्ट टैग सुविधा प्राप्त करने की सलाह दी।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी एक लाख रेहड़ी–पटरी वालों को योजना के अंतर्गत ऋण वितरित करेंगे। पीएम स्वनिधि योजना व्यवसाय को बढ़ाने के लिए छोटे व्यापारियों को ऋण मुहैया कराती है। इसके तहत लाभार्थियों को सस्ते ब्याज दर पर पचास हजार रुपए तक का ऋण उपलब्ध कराया जाता है और साथ ही ब्याज सब्सिडी का लाभ भी दिया जाता है।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना में दो हजार नौ सौ एक नव नियुक्त आयुष चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा उपस्थित रहेंगे।

———————————————————————

सोना तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत राजस्व खुफिया निदेशालय– डीआरआई की टीम ने पटना, दरभंगा, अररिया और मुजफ्फरपुर सहित देशभर में कई स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान चालीस करोड़ रूपये मूल्य के

इकसठ किलो से अधिक सोना जब्त किया है। इस मामले में डीआरआई की टीम ने कई ठिकानों पर छापेमारी कर बारह तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनमें से दो तस्कर मुजफ्फरपुर से गिरफ्तार किये गये हैं। गिरफ्तार तस्करों के पास से तेरह लाख रूपये नकद और उन्नीस वाहनों को जब्त कर लिया। मुजफ्फरपुर स्थित डीआरआई की इकाई ने दरभंगा के पास एक वाहन से तेरह किलो से अधिक सोना बरामद किया है। सोने की यह खेप दिल्ली ले जाई जा रही थी। इसके अलावा अररिया में एक घर पर हुई छापेमारी में नौ वाहनों को जब्त किया गया है। इन वाहनों में सोना छुपाने के लिए गुप्त चैम्बर बने हुए थे।

———————————————————————

भारी उद्योग मंत्रालय ने देश में इलेक्ट्रॉनिक वाहनों की खरीद में तेजी लाने के लिए इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्रमोशन स्कीम दो हजार चौबीस की घोषणा की है। मंत्रालय ने कहा कि योजना के अंतर्गत चार महीनों में कुल पांच सौ करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। यह योजना एक अप्रैल से इकतीस जुलाई तक चलेगी। एक रिपोर्ट..

———रिपोर्ट———

इस योजना के अंतर्गत केवल इलेक्ट्रिक दो और तीन पहिया वाहन ही आएंगे, जिनमें पंजीकृत ई–रिक्शा, ई–कार्ट और एल–फाइव ऑटोमोबाइल शामिल हैं। इसके अतिरिक्त केवल उन्नत बैटरियों से सुसज्जित इलेक्ट्रिक वाहन ही उन्नत प्रौद्योगिकियों के विकास को प्रोत्साहित करने के लिए प्रोत्साहन के अधीन होंगे। मंत्रालय का अनुमान है कि इस योजना से तीन लाख बहत्तर हजार से अधिक इलेक्ट्रिक वाहनों को मदद मिलेगी। मंत्रालय ने कहा कि यह इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपनाने को बढ़ावा देगा और देश में हरित गतिशीलता और ईवी विनिर्माण इको–सिस्टम के विकास को और गति प्रदान करेगा।

———————————————————————

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण– एनएचएआई ने पेटीएम फास्टैग उपयोगकर्ताओं को पंद्रह मार्च से पहले किसी अन्य बैंक की फास्ट टैग सुविधा प्राप्त करने की सलाह दी है। सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कहा कि इससे राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रा करते समय जुर्माने या किसी दोहरे शुल्क से बचने में सहायता मिलेगी। पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर प्रतिबंधों के संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुरूप, पेटीएम फास्टैग उपयोगकर्ता पन्द्रह मार्च के बाद बैलेंस को रिचार्ज या टॉप–अप नहीं कर पाएंगे। वे निर्धारित तिथि के बाद टोल का भुगतान करने के लिए अपने मौजूदा शेष का उपयोग कर सकते हैं।

———————————————————————

पटना सिविल कोर्ट परिसर में हुए हादसे में बार कांसिल ऑफ इंडिया ने मृतक के परिजनों को पांच लाख और घायलों को पचास हजार रूपये की सहायता राशि देने की घोषणा की गयी है। वहीं, राज्य बार कॉउन्सिल मृतक के परिजनों को एक लाख तथा घायलों को पचास–पचास हजार रूपये देने की सहायता देगा। इधर, बिजली कंपनी पेसू ने मृतक के परिजानों को चार लाख रूपये का चेक सौंपा है। गौरतलब है कि पटना सिविल कोट परिसर में ट्रांसफारमर की मीटरींग यूनिट फट जाने के कारण एक अधिवक्ता की मौत हो गई थी, जबकि छह अन्य गंभीर रूप से झुलस गयें थें।

————————————————————————

प्रदेश में शिक्षक नियुक्ति परीक्षा का तीसरा चरण कल होगा। इस परीक्षा में पौने चार लाख परीक्षार्थी शामिल होंगे। बिहार लोक सेवा आयोग के पटना स्थित राज्य मुख्यालय और चौबीस जिला मुख्यालयों के कंट्रोल रूम से निगरानी की जाएगी। सभी परीक्षा केन्द्रों के लिए जैमर की व्यवस्था भी की गयी है। आयोग ने कहा है कि परीक्षा शुरू होने से एक घंटे पहले तक परीक्षा हॉल में प्रवेश करने की अनुमति दी जाएगी।

————————————————————————

बिहार विधान परिषद में सुरक्षा प्रहरी के रिक्त पदों पर बहाली के लिए कल से होने वाली शारीरिक माप जांच परीक्षा को अपरिहार्य कारणों से अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। विधान परिषद सचिवालय के निदेशक कमलेन्दु कुमार सिंह ने बताया कि नए परीक्षा कार्यक्रम के तहत प्रवेश पत्र ऑनलाइन जारी किया जाएगा।

————————————————————————

गृह मंत्रालय ने केन्द्रीय पुलिस कल्याण भंडार से वस्तुओं की खरीद पर लगने वाले वस्तु और सेवा कर जीएसटी पर पचास प्रतिशत वित्तीय सहायता देने का निर्णय लिया है। यह निर्णय पहली अप्रैल से प्रभावी होगा। इसके अंतर्गत केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों, केन्द्रीय पुलिस संगठनों और राज्य पुलिसबलों के सेवारत, सेवानिवृत कर्मियों तथा उनके परिवारों को लाभ मिलेगा।

————————————————————————

राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ अर्लेकर आज मुजफ्फरपुर के बीआर अम्बेडकर बिहार विश्वविद्यालय की सीनेट बैठक की अध्यक्षता करेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर

दिनेशचंद्र राय ने बताया कि राज्यपाल आज ही विश्वविद्यालय के गेस्ट हाउस का भी उद्घाटन करेंगे।

———————————————————————————

पटना–न्यू जलपाईगुड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस आज से नियमित रूप से चलेगी। यह ट्रेन आज सुबह पटना से पांच बजकर पंद्रह मिनट पर रवाना हुई। ट्रेन मंगलवार को छोड़कर सप्ताह में प्रत्येक दिन चलेगी। वहीं, पटना–गोमतीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस का नियमित परिचालन अठारह मार्च से होगा। यह ट्रेन शुक्रवार को छोड़कर शेष सभी दिन चलेगी। रेलवे ने इन ट्रेनों के लिए किराये की सूची जारी कर दी है।

इधर, रेलवे ने दानापुर रेलमंडल की तीन ट्रेनों के अलग–अलग स्टेशनों पर ठहराव का निर्णय लिया है। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि आज से पटना–रांची जनशताब्दी एक्सप्रेस का धनबाद रेलमंडल के पहाड़पुर रेलवे स्टेशन पर, दानापुर–आनंद बिहार जन साधारण एक्सप्रेस का अमेठी और गौरीगंज स्टेशन पर, जबकि निहालगढ़ स्टेशन पर पटना–इंदौर एक्सप्रेस का दो मिनट का ठहराव प्रदान किया गया है।

———————————————————————————

पछुआ हवा के प्रभाव से पटना समेत राज्य के अधिकांश हिस्सों में तापमान में क्रमिक वृद्धि जारी है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले तीन दिन के दौरान राज्य के अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने की संभावना है। विभाग के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य में सर्वाधिक अधिकतम तापमान मधुबनी में चौतीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। वहीं, राजधानी पटना का तापमान तैंतीस दशमलव एक डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

———————————————————————————

आज विश्व किडनी दिवस है। किडनी के स्वास्थ्य और सामान्य कार्य को प्रभावित करने वाली विभिन्न बीमारियों के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए प्रत्येक वर्ष मार्च के दूसरे गुरुवार को यह दिन मनाया जाता है। इस वर्ष किडनी दिवस का विषय है– **सभी के लिए किडनी स्वास्थ्य।** एम्स नई दिल्ली के किडनी रोग विभाग के प्रमुख डॉक्टर दीपांकर भौमिक ने लोगों को किडनी की बीमारी का शीघ्र पता लगाने के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच कराने का सुझाव दिया है।

———बाईट———

---

पटना में आयोजित अड़सठवीं जूनियर राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन के युगल स्पर्धा में बिहार ने सेमिफाईनल में प्रवेश कर लिया है। वहीं, बालक वर्ग के क्वॉटर फाइनल मुकाबले में बिहार ने महाराष्ट्र को जबकि बालिका वर्ग टीम स्पर्धा में राजस्थान को पराजित किया।

केन्द्रीय खेल और युवा मंत्रालय की ओर से पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में **खेलों इंडिया प्रतिभा खोज** कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सोलह मार्च तक चलेगा।

---

अररिया जिले के पलासी प्रखंड के जितवारपुर उत्क्रमित मध्य विद्यालय में मध्याह्न भोजन खाने के बाद लगभग पचास बच्चे बीमार हो गये। बच्चों को इलाज के लिए स्थानीय सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

---

अररिया व्यवहार न्यायालय की विशेष अदालत ने पॉक्सो एक्ट के तहत एक अभियुक्त को दस साल कठोर कारवास की सजा के साथ एक लाख रूपये का अर्थदंड दिया है।

---

बक्सर जिले के ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पन्द्रह लाख रुपये की हेरोइन के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

बेगूसराय जिले के साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र में पुलिस ने हीरा टोल चौक के पास से एक वाहन से एक सौ पंचानवे लीटर शराब बरामद की है।

---

अरवल जिले में उत्पाद विभाग की टीम ने छापेमारी कर अलग–अलग स्थानों से चार हजार लीटर से अधिक देशी शराब और उसकी भट्ठी को नष्ट किया। इधर, जिले मेहंदिया थाना क्षेत्र के हरदिया गांव के पास एनएच–एक सौ उनचालीस पर एक वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। मृतक बिजली मिस्त्री पहलेजा सब स्टेशन में मानव बल के रूप में कार्यरत था।

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है– बिहार में मंत्रिमंडल विस्तार आज संभव। अठारह बनाए जा सकते हैं मंत्री। अखबार लिखता है– दो हजार बीस का ही रहेगा फॉर्मूला।

**दैनिक जागरण** की प्रमुख खबर है– पांच साल में खरीदे गए बाईस हजार दो सौ सत्रह चुनावी बॉन्ड, कल सार्वजनिक होगी जानकारी।

**दैनिक भास्कर** ने लोकसभा चुनाव में भाजपा की सूची से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुए लिखा है– भाजपा की दूसरी सूची में चौंतीस नए चेहरे, तीस सांसदों के टिकट कटे। अखबार लिखता है– सीट बंटवारे में बिहार में चिराग सहमत। **प्रभात खबर** ने बिहार में एनडीए के भीतर सीटों के बंटवारे से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुए लिखा है– भाजपा सत्रह, जदयू सोलह और चिराग गुट को पांच सीट। एनडीए में सीट शेयरिंग को लेकर फॉर्मूला तय। **आज अखबार** का शीर्षक है– किसान आज करेंगे दिल्ली में महापंचायत। **राष्ट्रीय सहारा** ने लिखा है– चुनाव आयोग की नियुक्ति के मामले में सुप्रीम सुनवाई कल।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार......एक बार फिर

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों के बीच ऋण वितरण करेंगे।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना में दो हजार नौ सौ एक नव नियुक्त आयुष चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे।

03. राजस्व खुफिया निदेशालय की टीम ने पटना, दरभंगा, अररिया, मुजफ्फरपुर सहित देशभर में कई स्थानों पर सोना तस्करों के खिलाफ की छापेमारी। मुजफ्फरपुर से तेरह किलो सोने के साथ दो तस्कर गिरफ्तार।

04. और, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने पेटीएम फास्टैग उपयोगकर्ताओं को पंद्रह मार्च से पहले किसी अन्य बैंक की फास्ट टैग सुविधा प्राप्त करने की सलाह दी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।